# गुजरात बजट विश्लेषण
## 2025-26

गुजरात के वित्त मंत्री श्री कनुभाई देसाई ने 20 फरवरी, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया।

### बजट के मुख्य अंश

- 2025-26 के लिए गुजरात का **सकल राज्य घरेलू उत्पाद** (जीएसडीपी) (मौजूदा कीमतों पर) 29,82,032 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 12% अधिक है।
- 2025-26 में **व्यय (ऋण चुकौती को छोड़कर)** 3,32,150 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जिसमें 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 17% की वृद्धि है। इसके अलावा राज्य को 33,596 करोड़ रुपए का कर्ज भी चुकाना होगा।
- 2025-26 के लिए **प्राप्तियां (उधारियों को छोड़कर)** 2,73,753 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 17% अधिक है।
- 2025-26 में **राजस्व अधिशेष** जीएसडीपी का 0.7% (19,695 करोड़ रुपए) होने का अनुमान है जबकि 2024-25 में संशोधित अनुमान चरण में राजस्व अधिशेष जीएसडीपी का 0.8% (21,350 करोड़ रुपए) था।
- 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** जीएसडीपी के 2% (58,397 करोड़ रुपए) पर लक्षित है। 2024-25 में संशोधित अनुमान के अनुसार, राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 1.9% होने की उम्मीद है जो बजट के समान (जीएसडीपी का 1.9%) है।

### नीतिगत विशिष्टताएं

- **खाद्य सुरक्षा**: श्रमिक अन्नपूर्णा योजना में निर्माण और औद्योगिक श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। यह योजना मजदूरों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराती है।
- **आर्थिक विकास**: राज्य भर में छह विकास केंद्रों की पहचान की जाएगी। इनमें सूरत, अहमदाबाद, वडोदरा और कच्छ एवं तटीय सौराष्ट्र क्षेत्र शामिल होंगे।
- **स्टाम्प शुल्क में कमी**: निम्नलिखित पर स्टाम्प शुल्क कम कर दिया गया है: (i) पैतृक संपत्ति को छोड़ने पर, (ii) मॉर्गेज, और (iii) एक वर्ष से कम की लीज़।
- **मोटर वाहन कर**: मोटर वाहन कर के 8% और 12% के मौजूदा स्लैब की जगह, 6% का एक यूनिफॉर्म कर लगाया जाएगा। पूरी तरह से बैटरी चालित वाहनों को मोटर वाहन कर पर 5% तक की छूट मिलेगी।
- **विकलांगों को सहायता**: वर्तमान में 80% या अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति वार्षिक 12,000 रुपए की सहायता के पात्र हैं। अब इस योजना में 60% या उससे अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति भी शामिल होंगे।
- **मछली पालन**: कृषि भूमि पर मछली पकड़ने के लिए अब गैर-कृषि परमिट की आवश्यकता नहीं होगी।
- **पर्यटन**: प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए लगभग 150 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। 200 नई प्रीमियम एसी बसें और 10 नए कैरावैन शुरू किए जाएंगे। ये बसें 25 पर्यटन और तीर्थस्थलों को जोड़ेंगी। प्रमुख तीर्थ स्थलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जाएगा।


**ऋत्विक उपाध्याय**
rutvik@prsindia.org

28 फरवरी, 2025

## गुजरात की अर्थव्यवस्था

- **जीएसडीपी**: 2023-24 में गुजरात की जीएसडीपी (स्थिर कीमतों पर) पिछले वर्ष की तुलना में 8.9% बढ़ने का अनुमान है। इसकी तुलना में 2023-24 में भारत की जीडीपी 8.2% बढ़ने का अनुमान है।
- **क्षेत्र**: 2023-24 में कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों का गुजरात की अर्थव्यवस्था में क्रमशः 20%, 44% और 36% योगदान देने का अनुमान है (मौजूदा कीमतों पर)। 2023-24 में गुजरात में कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग और सेवाओं में 2022-23 की तुलना में 3.5%, 11.3% और 9.2% की वृद्धि हुई।
- **प्रति व्यक्ति जीएसडीपी**: 2023-24 में गुजरात की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी (मौजूदा कीमतों पर) 3,36,875 रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 2022-23 की तुलना में 9% की वृद्धि है। 2023-24 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2022-23 की तुलना में 8.6% बढ़कर 2,11,725 रुपए होने का अनुमान है।

**रेखाचित्र 1: गुजरात में स्थिर मूल्यों पर (2011-12) जीएसडीपी**




नोट: ये आंकड़े स्थिर कीमतों (2011-12) के अनुसार हैं, जिसका अर्थ है कि विकास दर को मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किया गया है।
स्रोत: एमओएसपीआई; पीआरएस।

## 2025-26 के लिए बजट अनुमान

- 2025-26 में 3,32,150 करोड़ रुपए के **कुल व्यय (ऋण भुगतान को छोड़कर)** का लक्ष्य है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 17% अधिक है। इस व्यय को 2,73,753 करोड़ रुपए की **प्राप्तियों (उधारियों को छोड़कर)** और 55,905 करोड़ रुपए की शुद्ध उधारी के माध्यम से पूरा करने का प्रस्ताव है। 2025-26 के लिए कुल प्राप्तियों (उधारियों के अलावा) में 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 17% की वृद्धि की उम्मीद है।
- राज्य का अनुमान है कि 2025-26 में जीएसडीपी के 0.7% (19,695 करोड़ रुपए) का **राजस्व अधिशेष** होगा, जबकि 2024-25 के संशोधित अनुमान चरण में जीएसडीपी के 0.8% (21,350 करोड़ रुपए) का अधिशेष होगा।
- 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** जीएसडीपी के 2% (58,397 करोड़ रुपए) पर लक्षित है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (जीएसडीपी का 1.9%) से अधिक है। 2025-26 के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों को जीएसडीपी के 3% तक राजकोषीय घाटे की अनुमति दी है। बिजली क्षेत्र में कुछ सुधार करने पर जीएसडीपी का 0.5% अतिरिक्त उधार लेने की जगह उपलब्ध होगी।

**तालिका 1: बजट 2025-26- मुख्य आंकड़े (करोड़ रुपए में)**

| मद | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बजटीय | 2024-25 संशोधित | बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का % | 2025-26 बजटीय | संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल व्यय | 2,73,768 | 3,28,447 | 3,12,988 | -5% | 3,65,746 | 17% |
| (-) ऋण का पुनर्भुगतान | 26,136 | 29,085 | 29,086 | 0% | 33,596 | 16% |
| **शुद्ध व्यय (E)** | **2,47,632** | **2,99,362** | **2,83,902** | **-5%** | **3,32,150** | **17%** |
| कुल प्राप्तियां | 2,64,530 | 3,24,945 | 3,09,332 | -5% | 3,63,254 | 17% |
| (-) उधारियां | 40,392 | 77,500 | 76,001 | -2% | 89,501 | 18% |
| *जिनमें केंद्रीय कैपेक्स ऋण ** | 4,254 | 4,000 | 6,000 | 50% | 6,000 | 0% |
| **शुद्ध प्राप्तियां (R)** | **2,24,138** | **2,47,445** | **2,33,331** | **-6%** | **2,73,753** | **17%** |
| **राजकोषीय घाटा (E-R)** | **23,493** | **51,917** | **50,570** | **-3%** | **58,397** | **15%** |
| *जीएसडीपी का %* | 1.0% | 1.9% | 1.9% | | 2.0% | |
| **राजस्व अधिशेष** | **33,477** | **9,821** | **21,350** | **117%** | **19,695** | **-8%** |
| *जीएसडीपी का %* | 1.4% | 0.4% | 0.8% | | 0.7% | |
| **प्राथमिक घाटा** | **-3,682** | **21,693** | **21,683** | **0%** | **27,197** | **24%** |
| *जीएसडीपी का %* | -0.2% | 0.8% | 0.8% | | 0.9% | |
| **जीएसडीपी** | **24,25,804** | **27,92,545** | **26,72,072** | **-4%** | **29,82,032** | **12%** |

नोट: बअ बजट अनुमान है; संअ संशोधित अनुमान है। *केंद्र सरकार 2020-21 से राज्य सरकारों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। इन ऋणों को राज्य की उधार सीमा की गणना से बाहर रखा गया है। स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

## 2025-26 में व्यय

- 2025-26 के लिए **राजस्व व्यय** 2,31,858 करोड़ रुपए प्रस्तावित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 10% अधिक है। इसमें वेतन, पेंशन और ब्याज पर प्रतिबद्ध व्यय और अनुदान और सबसिडी पर अन्य व्यय शामिल हैं।
- 2025-26 के लिए **पूंजीगत परिव्यय** 95,472 करोड़ रुपए प्रस्तावित है जिसमें 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 36% की वृद्धि है। पूंजीगत परिव्यय परिसंपत्तियों के निर्माण पर होने वाले व्यय को दर्शाता है। पूंजीगत परिव्यय में बजटीय वृद्धि निम्न कारणों से है: (i) शहरी विकास (6,006 करोड़ रुपये का बढ़ा हुआ परिव्यय), (ii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण (4,327 करोड़ रुपये) और (iii) परिवहन (2,328 करोड़ रुपये)।
- 2025-26 में राज्य द्वारा ऋण और अग्रिम (एडवांस) 4,821 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान की तुलना में 36% अधिक है।

**सामाजिक क्षेत्र में व्यय**

आरबीआई सामाजिक क्षेत्र के व्यय को ऐसे परिभाषित करता है कि उसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, एससी, एसटी और ओबीसी कल्याण और ग्रामीण विकास जैसी मदों पर खर्च शामिल है। आरबीआई (2024) के अनुसार, 2024-25 में राज्यों ने औसतन अपने जीएसडीपी का 8% सामाजिक क्षेत्र के लिए आवंटित किया। गुजरात ने अपने जीएसडीपी का 4.6% सामाजिक व्यय के लिए आवंटित किया। यह निम्नलिखित राज्यों के खर्च से कम था: (i) महाराष्ट्र (6.1%), (ii) कर्नाटक (5.7%) और (iii) तमिलनाडु (5.1%)।

15वें वित्त आयोग (2021) ने सुझाव दिया था कि गुजरात अपना सामाजिक व्यय बढ़ाए और पिछड़े जिलों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित करे।

स्रोत: विकास व्यय: चुनिंदा संकेतक, आरबीआई, पीआरएस।

**तालिका 2: बजट 2025-26 में व्यय (करोड़ रुपए में)**

| मद | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बजटीय | 2024-25 संशोधित | बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का % | 2025-26 बजटीय | संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व व्यय | 1,89,296 | 2,19,832 | 2,10,181 | -4% | 2,31,858 | 10% |
| पूंजीगत परिव्यय | 55,679 | 75,689 | 70,173 | -7% | 95,472 | 36% |
| राज्य द्वारा दिए गए ऋण | 2,667 | 3,842 | 3,548 | -8% | 4,821 | 36% |
| **शुद्ध व्यय** | **2,47,632** | **2,99,362** | **2,83,902** | **-5%** | **3,32,150** | **17%** |

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

**प्रतिबद्ध व्यय**: राज्य के प्रतिबद्ध व्यय में आम तौर पर वेतन, पेंशन और ब्याज के भुगतान पर व्यय शामिल होता है। बजट के एक बड़े हिस्से को प्रतिबद्ध व्यय की मदों के लिए आवंटित करने से पूंजीगत परिव्यय जैसी अन्य व्यय प्राथमिकताओं पर फैसला लेने का राज्य का लचीलापन सीमित हो जाता है। 2025-26 में गुजरात द्वारा प्रतिबद्ध व्यय पर 1,13,206 करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान है जो इसकी अनुमानित राजस्व प्राप्तियों का 45% है। इसमें वेतन (राजस्व प्राप्तियों का 21%), पेंशन (12%), और ब्याज भुगतान (12%) पर खर्च शामिल है। 2023-24 में, वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, राजस्व प्राप्तियों का 44% प्रतिबद्ध व्यय पर खर्च किया गया था।

**तालिका 3: 2025-26 में प्रतिबद्ध व्यय (करोड़ रुपए में)**

| प्रतिबद्ध व्यय | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बजटीय | 2024-25 संशोधित | बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का % | 2025-26 बजटीय | संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वेतन | 46,774 | 48,980 | 48,043 | -2% | 52,847 | 10% |
| पेंशन | 24,371 | 26,424 | 26,711 | 1% | 29,158 | 9% |
| ब्याज भुगतान | 27,176 | 29,954 | 28,707 | -4% | 31,201 | 9% |
| **कुल** | **98,321** | **1,05,357** | **1,03,461** | **-2%** | **1,13,206** | **9%** |

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

**क्षेत्रवार व्यय:** 2025-26 के दौरान गुजरात के बजटीय व्यय का **63%** हिस्सा निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए खर्च किया जाएगा। अनुलग्नक 1 में प्रमुख क्षेत्रों में गुजरात के व्यय की तुलना, अन्य राज्यों से की गई है।

**तालिका 4: गुजरात बजट 2025-26 में क्षेत्रवार व्यय (करोड़ रुपए में)**

| क्षेत्र | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बअ | 2024-25 संअ | 2025-26 बअ | संअ 24-25 से बअ 25-26 में परिवर्तन का % | बजटीय प्रावधान (2025-26) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति | 37,901 | 44,579 | 43,395 | 48,476 | 12% | ▪ उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए 2,914 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| शहरी विकास | 16,973 | 18,634 | 19,744 | 25.750 | 30% | ▪ स्वर्णिम मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के लिए 12,846 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| परिवहन | 19,348 | 22,692 | 22,554 | 24,980 | 11% | ▪ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 5,002 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 16,211 | 19,348 | 20,589 | 22,840 | 11% | ▪ आरोग्य सुरक्षा योजना के लिए 3,491 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण | 12,104 | 17,438 | 14,309 | 18,476 | 29% | ▪ लघु सिंचाई के लिए 6,285 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| ऊर्जा | 15,287 | 20,267 | 15,616 | 18,444 | 18% | ▪ कृषि बिजली सबसिडी के लिए 10,613 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां | 9,950 | 11,857 | 10,863 | 14,144 | 30% | ▪ किसानों को ब्याज छूट के लिए वित्तीय सहायता हेतु 1,200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| समाज कल्याण एवं पोषण | 11,901 | 11,358 | 14,362 | 12,971 | -10% | ▪ विशेष पोषण कार्यक्रम के लिए 2,952 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| पुलिस | 7,420 | 8,712 | 8,593 | 10,029 | 17% | ▪ जिला पुलिस के लिए 7,755 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| ग्रामीण विकास | 6,138 | 8,555 | 8,039 | 8,513 | 6% | ▪ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 1,108 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। |
| **सभी क्षेत्रों में कुल व्यय का %** | **63%** | **62%** | **64%** | **63%** | | |

स्रोतः वार्षिक वित्तीय विवरण, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

## 2025-26 में प्राप्तियां

- 2025-26 के लिए **कुल राजस्व प्राप्तियां** 2,51,553 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 9% अधिक है। इसमें से 1,82,141 करोड़ रुपए (72%) राज्य **अपने संसाधनों से** जुटाएगा और 69,412 करोड़ रुपए (28%) **केंद्र से** प्राप्त होंगे। केंद्र से संसाधन केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी (राजस्व प्राप्तियों का 20%) और अनुदान (राजस्व प्राप्तियों का 8%) के रूप में होंगे।
- **हस्तांतरण**: 2025-26 में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 49,401 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जिसमें 2024-25 के संशोधित अनुमान से 11% की वृद्धि है।
- 2025-26 में **केंद्र से अनुदान** 20,011 करोड़ रुपए अनुमानित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 6% अधिक है। 2023-24 में गुजरात को 10,693 करोड़ रुपए का जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान प्राप्त हुआ।
- **राज्य का स्वयं कर राजस्व**: गुजरात का कुल स्वयं कर राजस्व 2025-26 में 1,58,482 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 7% अधिक है। जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वयं कर राजस्व 2025-26 में 5.3% अनुमानित है। 2023-24 में जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वयं कर राजस्व 5.5% था।

**तालिका 5: राज्य सरकार की प्राप्तियों का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)**

| मद | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बजटीय | 2024-25 संशोधित | बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का % | 2025-26 बजटीय | संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य के स्वयं कर | 1,34,262 | 1,49,000 | 1,47,698 | -1% | 1,58,482 | 7% |
| राज्य के स्वयं गैर कर | 23,708 | 19,675 | 20,308 | 3% | 23,659 | 16% |
| केंद्रीय करों में हिस्सेदारी | 39,236 | 42,195 | 44,686 | 6% | 49,401 | 11% |
| केंद्र से अनुदान | 25,557 | 18,783 | 18,840 | 0.3% | 20,011 | 6% |
| **राजस्व प्राप्तियां** | **2,22,763** | **2,29,653** | **2,31,531** | **1%** | **2,51,553** | **9%** |
| गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां | 1,376 | 17,792 | 1,800 | -90% | 22,000 | 1,133% |
| **शुद्ध प्राप्तियां** | **2,24,138** | **2,47,445** | **2,33,331** | **-5.7%** | **2,73,753** | **17%** |

नोट: बअ बजट अनुमान है; संअ संशोधित अनुमान है। स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

- 2025-26 में **राज्य जीएसटी** स्वयं कर राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत (51% हिस्सा) होने का अनुमान है। राज्य जीएसटी राजस्व 2024-25 के संशोधित अनुमान से 8% बढ़ने का अनुमान है।
- 2025-26 में बिक्री कर/वैट से राजस्व 2024-25 के संशोधित अनुमान से 2% कम होने की उम्मीद है।
- 2025-26 में भू-राजस्व 5,181 करोड़ रुपये अनुमानित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 29% अधिक है। 2024-25 में भू-राजस्व बजट से 27% कम होने का अनुमान है। 2023-24 में भूमि राजस्व बजट से 200% अधिक (5,698 करोड़ रुपये की वृद्धि) था।

### विनिवेश प्राप्तियां

विनिवेश प्राप्तियां किसी सार्वजनिक उद्यम में हिस्सेदारी की बिक्री से होने वाली आय हैं। 2024-25 में गुजरात ने 17,500 करोड़ रुपये की विनिवेश प्राप्तियों का बजट रखा। संशोधित चरण में विनिवेश से केवल 1,500 करोड़ रुपये जुटाने का अनुमान है। 2023-24 में राज्य ने 17,500 करोड़ रुपये के बजट अनुमान के मुकाबले कोई विनिवेश प्राप्तियां एकत्र नहीं कीं। 2025-26 में उसने 19,700 करोड़ रुपये की विनिवेश प्राप्तियों का बजट रखा है।

कैग (2024) के अनुसार, 2022-23 में राज्य के 101 सार्वजनिक उपक्रमों में से 30 ने 2,457 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया। इनमें 18,379 करोड़ रुपये का संचित घाटा हुआ था। कैग के अनुसार, 2022-23 तक 21 सार्वजनिक उपक्रमों की शुद्ध संपत्ति नकारात्मक थी, जिसका अर्थ है कि इन कंपनियों का संचित घाटा इसकी संपत्ति और शेयर पूंजी से अधिक है।

**तालिका 6: राज्य के स्वयं कर राजस्व के मुख्य स्रोत (करोड़ रुपए में)**

| मद | 2023-24 वास्तविक | 2024-25 बजटीय | 2024-25 संशोधित | बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का % | 2025-26 बजटीय | संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य जीएसटी | 58,010 | 74,597 | 74,750 | 0.2% | 80,520 | 8% |
| सेल्स टैक्स/वैट | 33,127 | 33,900 | 33,213 | -2% | 32,626 | -2% |
| स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क | 15,334 | 16,000 | 16,500 | 3% | 19,800 | 20% |
| बिजली पर टैक्स और ड्यूटी | 11,514 | 11,754 | 11,749 | 0% | 12,117 | 3% |
| वाहन कर | 5,568 | 5,600 | 5,677 | 1% | 6,200 | 9% |
| भूराजस्व | 8,558 | 5,510 | 4,004 | -27% | 5,181 | 29% |
| राज्य उत्पाद शुल्क | 200 | 155 | 200 | 29% | 250 | 25% |
| जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान | 10,693 | - | - | - | - | - |

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, राजस्व बजट, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

## 2025-26 के लिए घाटे, ऋण और एफआरबीएम के लक्ष्य

गुजरात के राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन एक्ट, 2005 में राज्य सरकार की बकाया देनदारियों, राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे को प्रगतिशील तरीके से कम करने के लक्ष्यों का प्रावधान है।

**राजस्व संतुलन**: यह सरकार के राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों के बीच का अंतर होता है। राजस्व घाटे का यह अर्थ होता है कि सरकार को अपना व्यय पूरा करने के लिए उधार लेने की जरूरत है जोकि भविष्य में पूंजीगत परिसंपत्तियों का सृजन नहीं करेगा और न ही देनदारियों को कम करेगा। बजट में 2025-26 में 19,695 करोड़ रुपए (या जीएसडीपी का 0.7%) के राजस्व अधिशेष का अनुमान है।

**राजकोषीय घाटा**: यह कुल प्राप्तियों पर कुल व्यय की अधिकता होता है। यह अंतर सरकार द्वारा उधारियों के जरिए पूरा किया जाता है और राज्य सरकार की कुल देनदारियों में वृद्धि करता है। 2025-26 में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 2% रहने का अनुमान है। 2025-26 के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों को जीएसडीपी के 3% तक राजकोषीय घाटे की अनुमति दी है। बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए जीएसडीपी के 0.5% तक अतिरिक्त उधार लेने की गुंजाइश भी उपलब्ध होगी। संशोधित अनुमान के अनुसार, 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 1.9% होने की उम्मीद है जो 2024-25 के बजट के समान है।

**बकाया देनदारियां**

राज्य की पिछले कई वर्षों की कुल उधारियां जमा होकर बकाया देनदारियां बन जाती हैं। इसमें लोक लेखा की देनदारियां भी शामिल हैं।


2017 में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) समीक्षा समिति ने सुझाव दिया था कि राज्य अपनी बकाया देनदारियों को जीएसडीपी के 20% तक सीमित रखें।

आरबीआई के अनुसार, 2023 में राज्य की बकाया देनदारियां जीएसडीपी का 19% थीं। 2025 में यह जीएसडीपी का 17% होने का अनुमान लगाया गया था। मार्च 2024 तक औसतन भारतीय राज्यों की बकाया देनदारियां जीएसडीपी का 28% होने का अनुमान है।

स्रोत: कुल बकाया देनदारियां- जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में; आरबीआई।


**बकाया ऋण**: बकाया ऋण एक वित्तीय वर्ष के अंत में कुल उधार का संचय होता है। 2025-26 के अंत में, बकाया ऋण जीएसडीपी का 15.3% होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (जीएसडीपी का 15.3%) के समान है।

**रेखाचित्र 2: राजस्व एवं राजकोषीय संतुलन (जीएसडीपी का %)**




नोट: *2026-27 के बाद के आंकड़े अनुमान हैं। RE संशोधित अनुमान है; BE बजट अनुमान है। नेगेटिव आंकड़े घाटे का संकेत हैं। स्रोत: मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

**रेखाचित्र 3: बकाया देनदारियां (जीएसडीपी का %)**




नोट: *2026-27 के बाद के आंकड़े अनुमान हैं। BE बजट अनुमान है। स्रोत: मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, गुजरात बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

**बकाया सरकारी गारंटी**: राज्यों की बकाया देनदारियों में कुछ अन्य देनदारियां शामिल नहीं हैं जो आकस्मिक हैं और जिन्हें कुछ मामलों में राज्यों को पूरा करना पड़ सकता है। राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (एसपीएसई) वित्तीय संस्थानों से जो उधारी लेते हैं, उनकी गारंटी राज्य सरकारें देती हैं। 31 दिसंबर 2024 तक गुजरात की बकाया गारंटी 1,463 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2023-24 में गुजरात की जीएसडीपी का 0.1% है।


**डिस्क्लेमर:** प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह सारांश मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया गया था। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी के मूल सारांश से इसकी पुष्टि की जा सकती है।

## अनुलग्नक 1: मुख्य क्षेत्रों में राज्य के व्यय की तुलना


निम्नलिखित रेखाचित्रों में छह मुख्य क्षेत्रों में अन्य राज्यों के औसत व्यय के अनुपात में गुजरात के कुल व्यय की तुलना की गई है। क्षेत्र के लिए औसत, उस क्षेत्र में 31 राज्यों (गुजरात सहित) द्वारा किए जाने वाले औसत व्यय (2024-25 के बजटीय अनुमानों के आधार पर) को इंगित करता है।[1]

- **शिक्षा**: गुजरात ने 2025-26 में शिक्षा पर अपने व्यय का 14.8% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा शिक्षा के लिए औसत आवंटन (15%) के समान है।
- **स्वास्थ्य**: गुजरात ने 2025-26 में स्वास्थ्य पर अपने व्यय का 7% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा स्वास्थ्य के लिए औसत आवंटन (6.2%) से अधिक है।
- **ग्रामीण विकास**: गुजरात ने 2025-26 में ग्रामीण विकास पर अपने व्यय का 2.6% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा ग्रामीण विकास के लिए औसत आवंटन (5.1%) से कम है।
- **सड़कें और पुल**: गुजरात ने 2025-26 में सड़कों और पुलों पर अपने व्यय का 6.4% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा सड़कों और पुलों के लिए औसत आवंटन (4.3%) से अधिक है।
- **कृषि**: गुजरात ने 2025-26 में कृषि पर अपने व्यय का 4.3% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा कृषि के लिए औसत आवंटन (6.3%) से कम है।
- **शहरी विकास**: गुजरात ने 2025-26 में शहरी विकास पर अपने व्यय का 7.9% आवंटित किया है। यह 2024-25 में अन्य राज्यों द्वारा शहरी विकास के लिए औसत आवंटन (3.3%) से अधिक है।


**कुल बजट में शिक्षा पर व्यय का प्रतिशत**




**कुल बजट में स्वास्थ्य पर व्यय का प्रतिशत**





**कुल बजट में ग्रामीण विकास पर व्यय का प्रतिशत**





[1] 31 राज्यों में दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर और पुद्दूचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।


**कुल बजट में सड़कों और पुलों पर व्यय का प्रतिशत**




**कुल बजट में कृषि पर व्यय का प्रतिशत**




**कुल बजट में शहरी विकास पर व्यय का प्रतिशत**




नोट: 2023-24, 2024-25 (बअ), 2024-25 (संअ), और 2025-26 (बअ) के आंकड़े गुजरात के हैं।
स्रोत: वार्षिक वित्तीय वक्तव्य, गुजरात बजट दस्तावेज 2025-26; विभिन्न राज्य बजट; पीआरएस।

## अनुलग्नक 2: 2023-24 के बजटीय अनुमानों और वास्तविक के बीच तुलना

यहां तालिकाओं में 2023-24 के वास्तविक के साथ उस वर्ष के बजटीय अनुमानों के बीच तुलना की गई है।

**तालिका 7: प्राप्तियों और व्यय की झलक (करोड़ रुपए में)**

| मद | 2023-24 बअ | 2023-24 वास्तविक | बअ से वास्तविक में परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|
| **शुद्ध प्राप्तियां** (1+2) | **2,25,340** | **2,24,138** | **-1%** |
| 1. राजस्व प्राप्तियां (क+ख+ग+घ) | 2,07,710 | 2,22,763 | 7% |
| क. स्वयं कर राजस्व | 1,38,881 | 1,34,262 | -3% |
| ख. स्वयं गैर कर राजस्व | 17,013 | 23,708 | 39% |
| ग. केंद्रीय करों में हिस्सा | 35,526 | 39,236 | 10% |
| घ. केंद्र से सहायतानुदान | 16,290 | 25,557 | 57% |
| 2. गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां | 17,630 | 1,376 | -92% |
| 3. उधारियां | 68,001 | 40,392 | -41% |
| इनमें केंद्रीय कैपेक्स ऋण | 4,000 | 4,254 | 6% |
| **शुद्ध व्यय** (4+5+6) | **2,70,270** | **2,47,632** | **-8%** |
| 4. राजस्व व्यय | 1,98,672 | 1,89,286 | -5% |
| 5. पूंजीगत परिव्यय | 70,101 | 55,679 | -21% |
| 6. ऋण और अग्रिम | 1,497 | 2,667 | 78% |
| 7. ऋण पुनर्भुगतान | 26,304 | 26,136 | -1% |
| **राजस्व संतुलन** | **9,038** | **33,477** | **270%** |
| राजस्व संतुलन (जीएसडीपी का %) | 0.35% | 1.4% | |
| **राजकोषीय घाटा** | **44,930** | **23,493** | **-48%** |
| राजकोषीय घाटा (जीएसडीपी का %) | 1.75% | 1.0% | |
| **जीएसडीपी** | 25,62,975 | 24,25,804 | -5% |

स्रोत: विभिन्न वर्षों के गुजरात बजट दस्तावेज; पीआरएस।

**तालिका 8: राज्य के स्वयं कर राजस्व के घटक (करोड़ रुपए में)**

| कर दर | 2023-24 बअ | 2023-24 वास्तविक | बअ से वास्तविक में परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|
| सेल्स टैक्स/वैट | 39,246 | 33,127 | -16% |
| राज्य जीएसटी | 66,030 | 58,010 | -12% |
| वाहन कर | 5,183 | 5,568 | 7% |
| स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क | 13,950 | 15,334 | 10% |
| बिजली पर टैक्स और ड्यूटी | 10,230 | 11,514 | 13% |
| राज्य उत्पाद शुल्क | 155 | 200 | 29% |
| भू राजस्व | 2,860 | 8,558 | 199% |

स्रोत: विभिन्न वर्षों के गुजरात बजट दस्तावेज; पीआरएस।

**तालिका 9: मुख्य क्षेत्रों के लिए आवंटन (करोड़ रुपए में)**

| क्षेत्र | 2023-24 बअ | 2023-24 वास्तविक | बअ से वास्तविक में परिवर्तन का % |
|---|---|---|---|
| ऊर्जा | 20,823 | 15,287 | -27% |
| सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण | 15,401 | 12,104 | -21% |
| ग्रामीण विकास | 7,721 | 6,138 | -21% |
| कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां | 11,643 | 9,950 | -15% |
| परिवहन | 20,990 | 19,348 | -8% |
| जिनमें से सड़कें और पुल | 17,047 | 15,699 | -8% |
| एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक कल्याण | 6,206 | 5,881 | -5% |
| शहरी विकास | 17,710 | 16,973 | -4% |
| जलापूर्ति एवं स्वच्छता | 6,525 | 6,358 | -3% |
| शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति | 38,403 | 37,901 | -1% |
| पुलिस | 7,108 | 7,420 | 4% |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 15,141 | 16,211 | 7% |
| समाज कल्याण एवं पोषण | 10,413 | 11,901 | 14% |
| आवास | 3,201 | 3,856 | 20% |

स्रोत: विभिन्न वर्षों के गुजरात बजट दस्तावेज; पीआरएस।